अमर उजाला 18/08/2024

सड़क सुरक्षा के तहत आमजन को किया जागरूक

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की एनएसएस यूनिट ने आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया। कालेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सड़क दुर्घटना के कारण मरने वालों का इजाफा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है।

शराब पीकर गाड़ी चलाना, मोबाइल चलाते हुए वाहन चलाना, हेलमेट ना पहनना इसके मुख्य कारण है । कार्यक्रम अधिकारी डॉ धर्मवीर ने बताया कि हम सभी को यातायात के नियमों एवं उसके उल्लंघन से होने वाले चालानों के बारे में पता होना चाहिए। घर से निकलते ही हमें अपने सभी दस्तावेजों की जांच करनी चाहिए। डॉ. अनीश ने बताया कि वाहन चलाते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। दुपहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग अति आवश्यक है। संवाद